RNI NO: UPHIN/2021/83520

टाइटिल कोड : UPHIN49516

# दस्तक चाणक्य

वर्ष : 06 अंक : 36 (हिन्दी साप्ताहिक) लखनऊ, सोमवार 14 सितम्बर, 2026 मूल्य : 1.00 रुपया पृष्ठ : 8

# लोहिया संस्थान में बनेगा यूपी का उन्नत ट्रॉमा सेंटर



लखनऊ। हादसों में घायल गंभीर मरीजों को अब डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में और बेहतर इलाज मिल सकेगा। संस्थान में यूपी का दूसरा 300 बेड वाला उन्नत ट्रॉमा सेंटर बनाने की तैयारी तेज हो गई है ( पहला उन्नत ट्रॉमा सेंटर केजीएमयू में है, जो 450 बेड का है )। शहीद पथ परिसर से लगी करीब साढ़े चार एकड़ जमीन पर इसका निर्माण होगा। संस्थान के छठवें स्थापना दिवस पर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में उपलब्धियों और भावी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट पेश की गई। निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि संस्थान के विस्तार के लिए 1,010 बेड के अस्पताल और 1,085 नए पदों को मंजूरी मिली है। अब तक 600 रोबोटिक सर्जरी हो चुकी हैं। प्रदेश का दूसरा रोबोटिक किडनी ट्रांसप्लांट भी लोहिया में हुआ। इमरजेंसी में मरीजों को एंबुलेंस से उतारकर विभाग तक पहुंचाने के लिए पोर्टर सुविधा शुरू की गई है। यह सुविधा शुरू करने वाला लोहिया देश का पहला सरकारी संस्थान है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 14 तकनीकी व पैरामेडिकल स्टाफ को नियुक्ति पत्र भी बांटे।समारोह में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोहिया के रेस्पिरेटरी मेडिसिन के हेड डॉ. अजय कुमार वर्मा की पुस्तक सीओपीडी : सही जानकारी, सही देखभाल का विमोचन हुआ ,जो इस पर पहली हिंदी पुस्तक है। डॉ. एसएस नाथ की पुस्तक क्रिटिकल केयर पर्ल्स का भी विमोचन हुआ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि छह साल में लोहिया संस्थान ने जिस तेजी से पहचान बनाई, वह मिसाल है। यहां से चिकित्सा क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार पाने वाला वैज्ञानिक निकलने की उम्मीद है। छात्रों से कहा कि सिर्फ डिग्री और अंक नहीं, कौशल, मेहनत और लगन से दुनिया जीती जा सकती है। एसआर-जेआर को अस्पताल की असली ताकत बताया। राजनीतिक टिप्पणी करते हुए उन्होंने सपा पर निशाना साधा और कहा कि लोहिया के समाजवाद का झूठा दावा करने वाले लोग पूंजीपतियों के साथ खड़े हैं।

## ब्रिक्स में दिखी भारत-रूस-चीन की ताकत

नयी दिल्ली। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान सामने आई एक फैमिली फोटो इस समय चर्चा का विषय बनी हुई है। तस्वीर में संगठन के सदस्य देशों के प्रमुख और प्रतिनिधि एक साथ नजर आ रहे हैं, लेकिन कैमरे के फ्रेम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्थिति ने खास तौर पर सबका ध्यान खींचा। पीएम मोदी तस्वीर के बीच में खड़े दिखाई दिए, जबकि उनके दोनों ओर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग नजर आए। मेजबान देश के प्रधानमंत्री के तौर पर मोदी का केंद्र में होना स्वाभाविक है, लेकिन भारत, रूस और चीन के शीर्ष नेताओं का एक ही फ्रेम में इस तरह दिखाई देना कूटनीतिक नजरिए से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह तस्वीर ऐसे समय सामने आई है जब वैश्विक राजनीति में शक्ति संतुलन तेजी से बदल रहा है। फैमिली फोटोशूट के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान भारत की प्राथमिकताओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने प्रयासों को 'सतर्कता, नवाचार, सहयोग और स्थिरता' जैसे चार स्तंभों पर केंद्रित किया है। पीएम मोदी ने कहा कि सदस्य देशों के सहयोग और समर्थन से साझा विजन को अलग-अलग क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग में बदलने में मदद मिली है। उन्होंने दुनिया में बढ़ते तनाव और आम लोगों के जीवन पर पड़ने वाले उसके व्यापक प्रभाव को लेकर भी चिंता जताई। प्रधानमंत्री ने कहा कि महामारी, जलवायु आपदा और सप्लाई चेन में रुकावटों ने दिखाया है कि आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में कोई संकट सिर्फ एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता। इसलिए ब्रिक्स में वैश्विक स्तर पर रेजिलिएंस बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने चुनौतियों की पहचान, उनसे पहले तैयारी और जरूरत पड़ने पर तत्काल कार्रवाई को जरूरी बताया। इसी दिशा में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और प्रतिक्रिया के लिए ब्रिक्स इंटीग्रेटेड अर्ली वार्निंग सिस्टम पर सहमति और आपदा प्रबंधन के लिए अर्ली वार्निंग डाटा इंटीग्रेशन गाइडलाइन का उल्लेख किया। ब्रिक्स सम्मेलन के पहले दिन भी पीएम मोदी, पुतिन और जिनपिंग की एक तस्वीर चर्चा में रही थी। इसमें तीनों नेता मुस्कुराते हुए एक साथ नजर आए थे। भारत और चीन के बीच लंबे समय से चले आ रहे मतभेदों के बावजूद दोनों नेताओं की एक साथ मौजूदगी को खास तौर पर देखा गया। इसके अलावा ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के साथ पीएम मोदी की तस्वीर भी चर्चा में रही।



# संपादकीय

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशिया कप जीत कर रचा इतिहास



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एक बार फिर एशिया में अपनी बादशाहत साबित करते हुए इतिहास रच दिया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने रविवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए महिला एशिया कप 2026 के फाइनल में श्रीलंका को 72 रन से हराकर रिकॉर्ड आठवीं बार एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया। भारत की इस जीत में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों का शानदार तालमेल देखने को मिला। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने जबरदस्त शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 129 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की। शेफाली वर्मा ने आक्रामक अंदाज में 68 रन बनाए, जबकि स्मृति मंधाना ने शानदार 59 रन की पारी खेली। भारतीय सलामी बल्लेबाजों की इस साझेदारी ने श्रीलंकाई गेंदबाजों पर शुरुआत से ही दबाव बना दिया। शेफाली ने महज 24 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो महिला एशिया कप के टी20 इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक बताया गया है। भारत ने निर्धारित 20 ओवर में 183 रन बनाए और



पांच विकेट गंवाए। इसके बाद 184 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। श्री चरणी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट हासिल किए, जबकि दीप्ति शर्मा ने तीन विकेट लेकर श्रीलंकाई बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। श्रीलंका की पूरी टीम 111 रन पर सिमट गई और भारत ने मुकाबला 72 रन से अपने नाम कर लिया। अब इस जीत का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि 2024 के महिला एशिया कप फाइनल में श्रीलंका ने भारत को हराकर पहली बार खिताब अपने नाम किया था। इस बार भारतीय टीम ने उसी श्रीलंका को फाइनल में हराकर एशिया कप की ट्रॉफी वापस हासिल कर ली। महिला क्रिकेट में भारत की यह सफलता केवल एक ट्रॉफी की जीत नहीं है। यह उस बदलाव की कहानी है जिसमें भारतीय महिला खिलाड़ी अब विश्व क्रिकेट के सबसे बड़े मंचों पर लगातार अपनी क्षमता साबित कर रही हैं। टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ युवा प्रतिभाओं का संतुलन भारतीय क्रिकेट के मजबूत भविष्य की उम्मीद जगाता है। एशिया कप में भारत की यह आठवीं खिताबी सफलता बताती है कि महाद्वीपीय महिला क्रिकेट में भारतीय टीम का दबदबा कितना मजबूत है। 2026 का यह खिताब भारतीय खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को और बढ़ाएगा तथा आने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए टीम को नई ऊर्जा देगा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की यह जीत देश की उन लाखों बेटियों के लिए भी प्रेरणा है, जो खेल के मैदान में अपने सपनों को नई उड़ान देना चाहती हैं।

# ब्रिक्स में मोदी का शक्ति प्रदर्शन देख इस्लामाबाद में जबरदस्त खलबली

नीरज कुमार दुबे

इस्लामाबाद के लिए दिल्ली का यह सम्मेलन इसलिए असहज करने वाला है क्योंकि यहां चीन, ईरान और सऊदी अरब जैसे उसके अपने रणनीतिक साझेदार भी मौजूद हैं। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्टें दर्शा रही हैं कि इस्लामाबाद की कुटिल नजर भारत-चीन संबंधों के संभावित सुधार पर टिकी हुई हैं। नई दिल्ली में आयोजित हो रहे 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की गूंज वैसे तो पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है लेकिन पाकिस्तान के सत्ता और रक्षा प्रतिष्ठान में इसे लेकर जबरदस्त सन्नाटा छाया हुआ है। सन्नाटा इसलिए है क्योंकि शहबाज शरीफ से लेकर असीम मुनीर तक, आसिफ अली जरदारी से लेकर ख्वाजा आसिफ तक और इशाक डार से लेकर पाकिस्तान के अन्य बड़बोले नेताओं तक की नजरें टीवी चैनलों पर लगी हुई हैं और जैसे जैसे वैश्विक नेता एक एक कर दिल्ली की धरती पर उतर रहे हैं वैसे वैसे पाकिस्तान हुक्मरानों का गला सूखता जा रहा है। हम आपको बता दें कि इस्लामाबाद के लिए दिल्ली का यह सम्मेलन इसलिए असहज करने वाला है क्योंकि यहां चीन, ईरान और सऊदी अरब जैसे उसके अपने रणनीतिक साझेदार भी मौजूद हैं। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्टें दर्शा रही हैं कि इस्लामाबाद की कुटिल नजर भारत-चीन संबंधों के संभावित सुधार पर टिकी हुई हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय से भी बाकायदा चीन-भारत बढ़ती नजदीकी पर सवाल पूछा गया, जिस पर उसने कहा कि चीन के साथ उसकी 'डुद्यद्य-2द्दडुद्धद्धद्दद्ध' साझेदारी किसी तीसरे देश के साथ चीन के संबंधों से प्रभावित नहीं होगी। लेकिन यही स्पष्टीकरण बताता है कि सवाल कितना महत्वपूर्ण हो चुका है। पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा झटका मोदी-शी जिनपिंग की मुलाकात होने वाली है। सात साल बाद शी जिनपिंग का भारत आना अपने आप में बड़ा संकेत है। सीमा विवाद के बाद दोनों देशों ने धीरे-धीरे संवाद बहाल किया है और अब व्यापार, निवेश, सीमा प्रबंधन तथा रणनीतिक संवाद पर आगे बढ़ने की कोशिश हो रही है। पाकिस्तान के लिए समस्या यह है कि उसकी सुरक्षा रणनीति लंबे समय से इस धारणा पर टिकी रही है कि भारत को दो मोर्चों पर एक साथ दबाव में रखा जा सकता है। लेकिन अगर बीजिंग और नई दिल्ली टकराव से प्रतिस्पर्धी सह-अस्तित्व की ओर बढ़ते हैं, तो इस्लामाबाद का वह रणनीतिक गणित कमजोर पड़ सकता है। साथ ही पाकिस्तान इसलिए भी परेशान है कि यदि



भारत और चीन के संबंध सुधरे तो भविष्य के भारत-पाक संघर्ष में बिना बीजिंग के सहयोग के इस्लामाबाद के लिए मैदान में कुछ घंटे टिक पाना भी मुश्किल हो जायेगा। दूसरा मोर्चा मोदी-पुतिन समीकरण है। दोनों नेताओं की बैठक में -400 की अंतिम यूनिट की डिलीवरी और अगली पीढ़ी पर चर्चा हो रही है। भारत को चार स्-400 रेजिमेंट मिल चुकी हैं और पांचवीं की डिलीवरी पर रूस ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। पाकिस्तान के लिए यह इसलिए चिंता का विषय है क्योंकि भारत की वायु-रक्षा और लंबी दूरी की मारक क्षमता में रूसी सहयोग उसकी सैन्य गणना को और कठिन बनाता है। आने वाले समय में क्ष्ह्डुद्धस्र्थ्ह्य के उन्नत संस्करण और संयुक्त उत्पादन पर बातचीत इस तस्वीर को और गंभीर बना सकती है। हम आपको याद दिला दें कि पिछले साल हुए भारत-पाक सैन्य संघर्ष के दौरान रूस की एस-400 ने पाकिस्तान के लगभग सभी हमलों को निष्क्रिय कर दिया था। उस समय पाकिस्तान ने चीन और तुर्की से रक्षा उपकरण लेकर भारत पर निशाने साधे थे लेकिन एस-400 के आगे कोई नहीं टिक पाया था। ऐसे में पाकिस्तान की नजरें इस बात पर बनी हुई हैं कि भारत और रूस के बीच क्या नये रक्षा समझौते होने जा रहे हैं। पाकिस्तान की तीसरी चिंता सऊदी अरब और चौथी ईरान को लेकर है। मेज पर सऊदी अरब और ईरान दोनों हैं, जबकि पश्चिम एशिया अब भी संघर्ष की आग में झुलस रहा है। पाकिस्तान के लिए यह बेहद असहज परिस्थिति है क्योंकि एक तरफ वह सऊदी अरब के साथ अपने सुरक्षा संबंधों को महत्वपूर्ण मानता है, दूसरी तरफ भारत के खाड़ी देशों के साथ रिश्ते लगातार गहरे हो रहे हैं। इसी बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन भारत पहुंचे हैं और मोदी के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता भी हो रही है। पाकिस्तान की चिंता यहां यह है कि सऊदी अरब के साथ वह हाल ही में मक्का पैक्ट में शामिल हुआ है। ऐसे में यदि भारत और सऊदी अरब के संबंध और मजबूत होते हैं तो मक्का पैक्ट के पैकेट की हवा पूरी तरह निकल जायेगी। साथ ही ईरानी राष्ट्रपति से मोदी की बातचीत के बाद यदि पश्चिम एशिया के हालात में सुधार होता है तो पाकिस्तान की उस पूरी कूटनीतिक कवायद पर पानी फिर जायेगा जिसके तहत कभी अमेरिका और ईरान को इस्लामाबाद बुलाकर वार्ता कराई गयी तो कभी शहबाज शरीफ और असीम मुनीर भागे भागे तेहरान और वाशिंगटन के चक्कर लगाते रहे। साथ ही पाकिस्तान को एक और कारण से बेचैनी हो रही है। दरअसल जिस क्क्द्धष्ट्स में पाकिस्तान सदस्यता चाहता है, उसी मंच की मेजबानी भारत कर रहा है और विस्तार के लिए सर्वसम्मति जरूरी होने के कारण पाकिस्तान की सदस्यता की राह में भारत की आपत्ति निर्णायक बाधा है। हम आपको यह भी बता दें कि इस समय पाकिस्तान के टीवी चैनलों और सोशल मीडिया मंचों पर चल रही डिबेटस में मोदी की सफल कूटनीति का विश्लेषण करने के साथ-साथ शहबाज और मुनीर की जोड़ी की कूटनीतिक विफलताओं पर भी खुलकर चर्चा की जा रही है। अरबऔर मध्य पूर्वी बहरहाल, कुल मिलाकर देखें तो दिल्ली का ब्रिक्स सम्मेलन इस्लामाबाद को इसलिए भी बहुत ज्यादा असहज कर रहा है क्योंकि यह बदलते दक्षिण एशियाई शक्ति-संतुलन का आईना बनकर उभर रहा है।

# संक्षिप्त

## बीजेपी ने सपा पर निशाना साधा,तीसरी बार सत्ता का दावा

मैनपुरी, दस्तक चाणक्य , अर्पित शर्मा: घिरोर कस्बे में रविवार देर शाम बीजेपी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय और क्षेत्रीय मंत्री वीरेंद्र शाक्य का प्रथम बार आगमन हुआ। नगर पंचायत में चेयरमैन यतेंद्र जैन ने फूलमाला और प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय ने इस दौरान कहा कि बीजेपी सरकार लगातार गरीबों के लिए योजनाएं चला रही है। पीएम आवास योजना, उज्वला योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का सीधा फायदा पात्र लोगों को मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि आगामी यूपी विधानसभा चुनाव में बीजेपी की सरकार फिर से बनेगी। समाजवादी पार्टी ने 2017 और 2022 में भी सरकार बनाने के सपने देखे थे, लेकिन सत्ता में नहीं आ पाई। इस बार भी वे सरकार नहीं बना पाएंगे। पांडेय ने यह भी कहा कि इस बार मैनपुरी विधानसभा की चारों सीटें बीजेपी जीतेगी। यहां क्षेत्रीय मंत्री वीरेंद्र शाक्य ने कहा कि पहले यूपी में कानून-व्यवस्था का बुरा हाल था, लेकिन अब यहां कानून का राज है। उन्होंने बताया कि पिछली सरकारों में गुंडागर्दी होती थी, जबकि बीजेपी सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर काम करती है। शाक्य ने आगे कहा कि आगामी चुनाव में यूपी में बीजेपी की सरकार फिर से बनेगी और समाजवादी पार्टी इस बार भी सरकार नहीं बना पाएगी। इस मौके पर बीजेपी नेता अनुजेश प्रताप सिंह, उर्मिला चौहान, अभिषेक जैन, पवन गुप्ता, चंद्रपाल तोमर, अरुण प्रताप सिंह, प्रदीप वर्मा, दिनेश जाटव, प्रबल जैन, मंडल अध्यक्ष संजीव बघेल, भुवनेंद्र जैन और शिवशंकर शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## बैंकों की हड़ताल से मैनपुरी का लेनदेन प्रभावित

मैनपुरी, दस्तक चाणक्य , अर्पित शर्मा: यूनाइटेड फोरम ऑफबैंक यूनियंस ( यूएफबीयू ) के आह्वान पर शुक्रवार को जिलेभर के बैंक कर्मचारी हड़ताल पर रहे। बैंकों में कामकाज ठप रहने से करीब 500 करोड़ रुपये का लेनदेन प्रभावित हुआ। भांवत चौराहा स्थित केनरा बैंक के बाहर कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव ( पीएलआई ) का विरोध किया और पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई। ग्राहकों और कारोबारियों को मायूस होकर लौटना पड़ा। बैंक ऑफइंडिया अधिकारी संगठन एवं उत्तराखंड इकाई के उपाध्यक्ष शशांक पांडेय ने कहा कि वेतन और सेवा शर्तों से जुड़े मामलों में कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। कर्मचारियों ने सरकार और संबंधित अधिकारियों से पीएलआई स्कीम को लेकर कर्मचारियों की आपत्तियों पर गंभीरता से विचार करने की मांग की। पांच दिवसीय बैंकिंग की लंबित मांग को शीघ्र पूरा करने की मांग उठाई। इसके तहत 28, 29 और 30 सितंबर को हड़ताल की जाएगी। इसके बाद भी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 26 अक्तूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। प्रदर्शन के दौरान आलोक राज, अनिरुद्ध भदौरिया, प्रियंक तिवारी, जुगेंद्र सिंह, नवनीत गौतम, सुमित कुमार, आकाश मिश्रा, सुशील, आशुतोष आदि मौजूद रहे।

## एटा में चलती रोडवेज बस पर पथराव, पीछे का शीशा टूटा

एटा, दस्तक चाणक्य , सोनू यादव:अवागढ़ क्षेत्र में शनिवार की देर रात आगरा से एटा आ रही अनुबंधित रोडवेज बस पर अज्ञात व्यक्ति ने पथराव कर दिया। पत्थर लगने से बस का पीछे का शीशा टूट गया। अचानक हुए पथराव से बस में बैठे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। गनीमत रही कि कोई यात्री के घायल नहीं हुआ। एटा डिपो की अनुबंधित रोडवेज बस आगरा से यात्रियों को लेकर एटा आ रही थी। रात करीब 10 बजे बस अवागढ़ थाना क्षेत्र से गुजर रही थी। इसी दौरान पीछे से किसी अज्ञात व्यक्ति ने बस पर पत्थर फेंक दिया। पत्थर लगने से बस के पीछे का शीशा टूट गया। अचानक शीशा टूटने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। यात्रियों ने चालक और परिचालक को घटना की जानकारी दी। इसके बाद चालक ने बस को सुरक्षित स्थान पर रोककर संबंधित अधिकारियों को सूचना दी। मामले की जानकारी पुलिस को भी दी गई है। सीओ जलेसर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही पथराव करने वाले व्यक्ति की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# मिश्रिख में दर्दनाक अग्निकांडः आग की चपेट में आया परिवार, मासूम की मौत

सीतापुर, दस्तक चाणक्य , ज्ञानेंद्र मौर्य: मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोपालापुर में रविवार को एक दर्दनाक अग्निकांड से हड़कंप मच गया। कमलेश कुमार मौर्य के घर में अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग इतनी तेजी से फैली कि परिवार को संभलने तक का मौका नहीं मिला। इसी दौरान 10 वर्षीय कृष्ण कुमार आग की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलसने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कृष्ण कुमार की मां गौरी देवी, उम्र करीब 42 वर्ष, और उसकी 15 वर्षीय बहन काजल भी गंभीर रूप से झुलस गईं। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल सीतापुर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। आग की लपटें देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर दमकल की टीम भी घटनास्थल पर



पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। परिवार में चीख-पुकार मच गई और ग्रामीण भी इस घटना से गमगीन हैं। एएसपी दक्षिण दुर्गेश कुमार सिंह के अनुसार, प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट सामने आ रही है। हादसे में 10 वर्षीय बच्चे की मृत्यु हुई है, जबकि दो लोग गंभीर रूप से झुलसे हैं। पुलिस और संबंधित विभागों द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

# परमिट की आड़ में पेड़ कटान की सूचना, वन टीम पहुंची तो ठेकेदारों ने बीट प्रभारी से की अभद्रता

सीतापुर, दस्तक चाणक्य , ज्ञानेंद्र मौर्य: नरोजी गांव में आम के पेड़ों के कटान की सूचना पर जांच करने पहुंची वन विभाग की टीम से ठेकेदारों का विवाद हो गया। मिश्रिख रेंज के मधवापुर-गोपालपुर क्षेत्र में दो आम के पेड़ काटे जाने की सूचना पर बीट प्रभारी अनुभव वर्मा मौके पर पहुंचे। आरोप है कि जांच के दौरान वहां मौजूद ठेकेदार पवन और प्रदीप ने बीट प्रभारी से कथित तौर पर अभद्रता की। मामला पुलिस तक पहुंचा तो दोनों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया गया। जानकारी के अनुसार नरोजी गांव में दो आम के पेड़ों के कटान की सूचना वन विभाग को मिली थी। इनमें एक पेड़ का परमिट होने की बात बताई गई, जबकि दूसरे पेड़ के कटान को लेकर शिकायत सामने आई। सूचना मिलते ही बीट प्रभारी अनुभव वर्मा मौके पर पहुंचे और कटान की जांच शुरू की। इसी दौरान ठेकेदारों से विवाद की स्थिति बन गई। बीट प्रभारी अनुभव वर्मा के क्षेत्र में आने के बाद प्रतिबंधित पेड़ों के कटान को लेकर निगरानी बढ़ी है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच करने और नियम विरुद्ध कटान पर कार्रवाई किए जाने से लकड़ी ठेकेदारों में खलबली मची है। वन विभाग की लगातार सक्रियता से प्रतिबंधित कटान पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में रेंजर सिकंदर सिंह ने बताया कि बीट प्रभारी से अभद्रता के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पेड़ कटान की भी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# संक्षिप्त

## यूथ प्रीमियर लीग के लिए 60 खिलाड़ियों का चयन

एटा, दस्तक चाणक्य, सोनू यादवः अलीगंज रोड स्थित बाला जी क्रिकेट एकेडमी में यूथ प्रीमियर लीग क्रिकेट ट्रायल में 60 खिलाड़ियों का चयन हुआ। अब यह खिलाड़ी वृंदावन क्रिकेट एकेडमी की ओर से आयोजित ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे। चयनित खिलाड़ियों को वृंदावन में होने वाली डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलेगा। क्रिकेट ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों की बल्लेबाजी और गेंदबाजी क्षमता परखी गई। वृंदावन क्रिकेट एकेडमी के कोच लोकेश तोमर और बाला जी क्रिकेट एकेडमी के कोच रवि यादव ने खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखा। ट्रायल के दो दिन बाद चयनित 60 खिलाड़ियों की सूची जारी की जाएगी। हिमांशु सिंह ने कहा कि वर्तमान में बच्चे टी-20 क्रिकेट की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं ऐसे में 50 ओवर के प्रारूप को बढ़ावा देना जरूरी है। इससे खिलाड़ियों को लंबी पारी खेलने और गेंदबाजी में धैर्य दिखाने का अनुभव मिलेगा। उन्होंने कहा कि एटा में लेदर बॉल क्रिकेट को नई ऊर्जा देने का प्रयास किया जा रहा है। कोच लोकेश तोमर ने बताया कि यह यूथ प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण है। इसमें 14, 16 और 19 वर्ष तक के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता अक्तूबर के अंतिम सप्ताह तक आयोजित किए जाने की तैयारी है। इस दौरान हिमांशु अमित, सौरभ कुमार और सुधीर यादव मौजूद रहे।

## शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षकों का हुआ सम्मान

लखीमपुर , दस्तक चाणक्य , अनुज गुप्ताः विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 21वें शिक्षक सम्मान समारोह का गोला के नीलकंठ मैदान में शनिवार को आयोजन किया गया। समारोह में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। उनके ज्ञान, समर्पण और संस्कारों से ही आने वाली पीढ़ियाँ सशक्त एवं संस्कारित होती हैं। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया।



उन्होंने सम्मानित शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन संजीव दीक्षित ने किया। कार्यक्रम आयोजक नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत सत्कार किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द गुप्ता, भाजपा जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, जिला महामंत्री मनोज वर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह सोमू, मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी, वरिष्ठ नेता सुरजन लाल वर्मा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारीगण एव देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद , दस्तक चाणक्य , धर्मबीर सिंहः मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ( पीएचसी ) खिमसेपुर एवं धीरपुर, मोहम्मदाबाद का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, दवा स्टॉक, साफ-सफाई, रजिस्टर एवं विभिन्न अभिलेखों के साथ मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की बारीकी से जांच की। सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध दवाओं एवं दवा स्टॉक का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और उनके रखरखाव की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को किसी भी आवश्यक दवा के लिए परेशानी न हो, इसके लिए पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान डॉ. आनंद उपाध्याय ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर, चिकित्सकीय कक्ष, मरीजों के बैठने के स्थान सहित अन्य क्षेत्रों में साफ-सफाई की स्थिति देखी।

# 17 दिसंबर से 31 दिवसीय सेवा पर्व, तैयारियों को लेकर डीएम ने की अफसरों संग बैठक, दिए निर्देश

लखीमपुर , दस्तक चाणक्य , अनुज गुप्ताः सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जिले में 31 दिवसीय सेवा पर्व आयोजित किया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागवार तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समय से तैयारियां पूरी करने और निर्धारित कार्यक्रमों का प्रभावी एवं व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्यक्रम की विभागवार कार्ययोजना तैयार कर सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय में पूर्ण कर ली जाएं। आयोजन स्थल, लाभार्थियों की सहभागिता, प्रचार-प्रसार, आवश्यक संसाधन और विभागीय समन्वय की पहले से तैयारी सुनिश्चित की जाए।

डीएम ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान को रूटीन कार्य के रूप में न लिया जाए। 31 दिनों तक चलने वाली यह विस्तृत कार्यक्रम श्रृंखला है जिसे गंभीरता, पूरी प्रतिबद्धता और नवाचार के साथ आयोजित किया जाए। प्रत्येक कार्यक्रम में अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ उसकी उपयोगिता और प्रभावशीलता पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।अभियान के



प्रत्येक कार्यक्रम के लिए संबंधित विभाग की जिम्मेदारी निर्धारित है। अधिकारी अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करें और विभागीय समन्वय के साथ कार्यक्रमों को प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराएं। यहां सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि अभियान के दौरान जिले में 12 प्रमुख कार्यक्रम चरणबद्ध ढंग से आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक कार्यक्रम के लिए संबंधित विभागों और नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। 17 सितंबर को सेवा दिवस के अवसर पर शाम सात बजे लाभार्थियों, नागरिकों तथा प्रमुख बुनियादी ढांचा स्थलों पर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी दिन से 'मेरे सपनों का भारत-चित्र सेवा' अभियान शुरू होगा। विद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर चित्रकला, भाषण, निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सांस्कृतिक टोलियों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं 25 सितंबर से सात अक्टूबर तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर 'आंगन मिलन सेवा' के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम होंगे। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहुओं और माताओं का सम्मान तथा हेल्दी बेबी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

# छोटी काशी गोला में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



लखीमपुर , दस्तक चाणक्य , अनुज गुप्ताः छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ की पावन धरा पर भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा के प्रथम आगमन पर गोला विधायक अमन गिरी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद रेखा वर्मा के लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद शनिवार को गोला विधानसभा क्षेत्र में प्रथम आगमन पर उनका जगह जगह जोरदार स्वागत किया गया। गोला विधायक अमन गिरि के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने ममरी, कंजा एवं गोमती मोड़ पर उनका उत्साहपूर्वक भव्य स्वागत किया। इसके बाद गुरुद्वारा, सर्राफा कमेटी, बड़ा चौराहा सहित विभिन्न स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने पुष्प मालाओं एवं उत्साह के साथ उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने गोला विधायक अमन गिरी सहित कार्यकर्ताओं के साथ पौराणिक शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर बाबा भोलेनाथ के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया एवं सभी के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष संजीव वर्मा, मंडल अध्यक्ष सच्चिदानंद शुक्ला, नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, गोला विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, वरिष्ठ नेता सुरजन लाल वर्मा, जिला पंचायत सदस्य तौफीक खान सहित भाजपा के पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त

## कैंसर पीड़ित सुशीला माथुर का निधन

वाराणसी, दस्तक चाणक्य , जय प्रकाश श्रीवास्तवः वाराणसी में कैंसर से जूझ रहीं सुशीला माथुर का निधन हो गया। उनका उपचार होमी भाभा कैंसर अस्पताल, वाराणसी में चल रहा था। निष्पक्ष मीडिया फाउंडेशन के सहयोग से उनके इलाज के लिए ढाई लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई थी। इसके बाद उनका उपचार शुरू हुआ, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। सुशीला माथुर काशीपुर, उत्तराखंड निवासी स्वर्गीय राकेश माथुर की पत्नी थीं। राकेश माथुर का निधन पहले ही हो चुका था।सुशीला अपने इकलौते बेटे गौरव माथुर, बहू और पोती को पीछे छोड़ गई।बताया गया कि सुशीला माथुर के इलाज के लिए मदद की अपील उर्वशी माथुर की ओर से की गई थी। मामले की जानकारी मिलने पर निष्पक्ष मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश श्रीवास्तव ने तत्काल संज्ञान लेते हुए वाराणसी के जिलाधिकारी से संपर्क किया। इसके बाद गंभीर रोगी के उपचार में सहयोग के लिए संबंधित स्तर पर प्रयास किए गए और अस्पताल को ढाई लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराई गई। जयप्रकाश श्रीवास्तव ने सुशीला माथुर केनिधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जरूरतमंद और गंभीर रूप से बीमार लोगों की सहायता के लिए समाज के सक्षम लोगों को आगे आना चाहिए। उन्होंने सर्वसमाज से समाजसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। जयप्रकाश श्रीवास्तव अमेठी के करौंदी गांव के मूल निवासी और वर्तमान में प्रतापगढ़ में रहते हैं।

## गाजियाबाद में कायस्थ महासम्मेलन 27 को

लखनऊ , दस्तक चाणक्य, डेस्कः गाजियाबाद चित्रांश महासभा के द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन लोहिया नगर पुराना बस अड्डा गाजियाबाद 27 सितंबर 26 को कायस्थ महासम्मेलन एवं चित्रांश संसद का विशाल आयोजन हो रहा है। जिसमें पूरे भारतवर्ष के हर क्षेत्र के सम्मानित प्रतिनिधि भाग लेंगे। जिसमें निष्पक्ष मीडिया फाउंडेशन के चार पदाधिकारी समाज सेवा क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होंगे। समाज सेवा क्षेत्र में टीकमगढ़ जतारा मध्य प्रदेश नवल सक्सेना को शिक्षा के क्षेत्र से समाज सेवा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए, भारतीय सेवा में सेवा दे चुके सेवा मुक्त सूबेदार श्री अरुण भटनागर पाकिस्तान से युद्ध के दौरान जिला प्रशासन बरेली को लिखित रूप से युद्ध में जाने की अनुमति मांगी थी, गोंडा जनपद निवासी मनोज श्रीवास्तव समाज सेवा के क्षेत्र में गंभीर हृदय रोगी को तत्काल गोंडा में एक यूनिट ब्लड ना मिलने पर अपने बेटे से ले जाकर रक्तदान कर दिया मनोज जी के उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए गाजियाबाद में सम्मानित किया जाएगा। इसी के साथ ही उत्तर प्रदेश अमेठी निवासी जयप्रकाश श्रीवास्तव राष्ट्रीय अध्यक्ष निष्पक्ष मीडिया के साथ-साथ बहुत से संगठनों में राष्ट्रीय भूमिका निभा रहे हैं। कायस्थ महासम्मेलन एवं चित्रांश संसद में सम्मानित किया जाएगा गौरतलब है कि जयप्रकाश श्रीवास्तव पिछले 10 वर्षों से सर्वधर्म समभाव से सर्व समाज की सेवा के लिए समाज सेवा क्षेत्र से जाने जाते हैं ।

## ढोल-नगाड़ों के साथ गणेश चतुर्थी को लेकर उत्साह

फर्रुखाबाद , दस्तक चाणक्य , धर्मबीर सिंहः सोमवार को गणेश चतुर्थी पर घरों और कई जगहों पर गणेश जी की मूर्तियां स्थापित की गई । यह गणेश उत्सव दस दिन तक चलेगा। रविवार को लोग ढोल-नगाड़ों के साथ गणपति को लेने पहुंचे। रविवार को लोगों ने बाजार से गणेश जी की मूर्तियां खरीदीं। फतेहगढ़ मार्ग पर क्रिश्चियन कंपाउंड के पास मूर्तियों का बड़ा बाजार लगा है। यहां राजस्थान, आगरा और फिरोजाबाद से कई दिन पहले ही दुकानदार मूर्तियां बेचने आ गए थे। रविवार को बाजार में काफी भीड़ रही। दुकानदारों ने बताया कि श्रद्धालुओं ने रंग-बिरंगी एक से लेकर 12 फीट तक की गणेश मूर्तियां खरीदीं। बड़ी मूर्तियां ऑर्डर पर तैयार कराई गई थीं। बाजार में 100 रुपये से लेकर 16,000 रुपये तक की मूर्तियां उपलब्ध हैं। छोटी-बड़ी सभी तरह की मूर्तियों की मांग है। सोमवार को गणेश चतुर्थी का त्योहार है। घरों के अलावा पंडालों में भी गणपति विराजेंगे। रविवार शाम 4 बजे तक बड़ी संख्या में लोग गणपति की मूर्तियां लेने पहुंचे। लोग ई-रिक्शा, ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक से गणपति को ले गए। इस दौरान ढोल-नगाड़े भी बजे। आचार्य गोपाल ने बताया कि भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि भगवान श्री गणेश जन्म के उपलक्ष्य में पूरे भारतवर्ष में उत्सव मनाया जाता है। सोमवार को श्री गणेश चतुर्थी पर प्रभु की मूर्तियां श्रद्धालुओं द्वारा घरों में स्थापित की जाएंगी। तीन, पांच, सात और नौ दिन तक प्रतिदिन प्रभु की पूजा अर्चना होगी। मूर्ति को जल में विसर्जित कर यह उत्सव पूरा होगा।

# बाढ़ प्रभावित गांव रेहरिया खुर्द पहुंचे सीएमओ स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा



लखीमपुर , दस्तक चाणक्य , अनुज गुप्ताः स्वास्थ्य विभाग बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा के समय पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा के अधीक्षक डॉ. रामू सिंह के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रेहरिया खुर्द का स्थलीय भ्रमण किया और वहां चल रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। वह नाव पर सवार होकर गांव पहुंचे। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने रेहरिया खुर्द गांव पहुंचकर वहां के हालात का जायजा लिया और लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना तथा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में विशेष जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों ने खुद स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि विभाग की टीम लगातार उनके संपर्क में है। बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए क्षेत्र में एक विशेष बाढ़ स्वास्थ्य चौकी भी बनाई गई है, जिससे आपातकालीन सेवाएं तुरंत मिल सकें। बाढ़ के मौसम में फैलने वाली बीमारियों जैसे खांसी, जुकाम, बुखार, उल्टी, दस्त तथा त्वचा रोग से संबंधित समस्याओं को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पर्याप्त मात्रा में दवाइयां वितरित की जा रही हैं। इसके अलावा दूषित पानी से होने वाले संक्रमण से बचाने के लिए ग्रामीणों को पानी साफकरने वाली क्लोरीन की टेबलेट्स दी जा रही हैं।

स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लोगों को लगातार यह सलाह भी दी जा रही है कि वे केवल सरकारी हैंडपंप का पानी पिएं या फिर पानी को अच्छी तरह उबालकर ही इस्तेमाल करें। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव की गर्भवती महिलाओं के लगातार संपर्क में रहकर फोन पर भी उनका हाल चाल ले रही है ताकि उन्हें समय पर उचित स्वास्थ्य सहायता मिल सके।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का वार्षिक अधिवेशन गोरखपुर में संपन्न

गोरखपुर, दस्तक चाणक्य, जय प्रकाश श्रीवास्तवः रविवार को गोरखपुर में सूरज कुंड, सुभाष चंद्र बोस नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का उत्तरप्रदेश के कार्य कर्ताओं का वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। यहां यूपी के प्रदेश अध्यक्ष मेजर जनरल राजीव पंत एवं उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल लाखन सिंह, ब्रज प्रान्त के अध्यक्ष ब्रिगेडियर भुवनेश चौधरी, ब्रज प्रान्त उपाध्यक्ष सूबेदार अरुण भटनागर, बरेली के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह राठौर एवं



महासचिव प्रथमेश गुप्ता एवं अनेकों पूर्व सैनिकों ने अलग अलग प्रांतों एवं जिलों से सहभागिता की। इस दौरान सभी सैनिकों ने सरकार को प्रत्येक आपदाकाल में सहयोग का भरोसा दिया एवं देश द्रोहियों से निपटने में अपनी भूमिका सुनिश्चित का वचन दिया।

# पीलीभीत के अन्नताओं के हित में एक युगांतरकारी पहल

पीलीभीत, दस्तक चाणक्य , सोनपालः बीते बुधवार को उत्तर प्रदेश जनपद पीलीभीत के न्यूरिया के राजकीय इंटर कॉलेज न्यूरिया में उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की उपस्थिति में डिपार्मेंट आफ कामर्स, गोल,एग्रीकल्चरल एंड प्रोसीड फूड प्रोडक्टस एक्सपोर्ट डिपार्टमेंट अथॉरिटी तथा बीईडीएफ के तत्वावधान में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी बासमती एवं जैविक प्रशिक्षण केंद्र सह प्रदर्शन फर्म का शिलान्यास संपन्न हुआ।



यह शिलान्यास उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा केंद्रीय राज्यमंत्री व पीलीभीत के सांसद जितिन प्रसाद द्वारा किया गया। बताया जा रहा यह केन्द्र और परियोजना किसानो को बासमती और जैविक कृषि के वैश्विक मानकों से जोड़ेगी। जिससे पीलीभीत को अंतर्राष्ट्रीय बाजार मिलेगा और किसानों की आय वृद्धि होगी।

# लोक अदालत में टूटे रिश्ते जुड़े




उरई। राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को परिवार न्यायालय में तलाक और भरण-पोषण के मुकदमों में पति-पत्नी ने आपसी मतभेद भुलाकर फिर साथ रहने का फैसला किया। वहीं कर्ज के बोझ से परेशान लोगों को भी समझौते के बाद राहत मिली। एक मामले में तीन लाख रुपये का लिया गया कर्ज ब्याज समेत साढ़े तीन लाख रुपये पहुंच गया था, जिसे समझौते के बाद एक लाख रुपये में निपटा दिया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ सुबह 10 बजे जनपद न्यायाधीश विरेंद्र कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर किया। जनपद न्यायालय के साथ ही तहसीलों में स्थित दीवानी न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित हुई। जिले में न्यायालय और जिला प्रशासन के स्तर पर कुल 2,39,074 मामलों का निस्तारण किया गया। इकलासपुरा निवासी प्रमोद कुमार ने वर्ष 2019 में केनरा बैंक से पंखा-कूलर बनाने के लिए तीन लाख रुपये का ऋण लिया था। ब्याज बढ़ता गया और रकम करीब साढ़े तीन लाख रुपये पहुंच गई। लोक अदालत में समझौते के बाद शेष करीब डेढ़ लाख रुपये के दावे का निस्तारण एक लाख रुपये में कर दिया गया। रामनगर निवासी एक व्यक्ति ने जनवरी 2026 में पत्नी जयंती के खिलाफ तलाक का मुकदमा दायर किया था। दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। लोक अदालत में परिवार न्यायालय की पहल पर दोनों पक्षों की काउंसलिंग और समझाइश हुई। आखिरकार पति-पत्नी फिर साथ रहने पर सहमति जता दी। महेवा ब्लॉक के नरहान निवासी गंगाप्रसाद के पिता जीराखन ने वर्ष 2016 में बेटी की शादी के लिए 2.40 लाख रुपये का ऋण लिया था। कर्ज का मामला लंबे समय से चला आ रहा था। लोक अदालत में समझौते के बाद गंगाप्रसाद ने 1.35 लाख रुपये जमा किए। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी सुदीप कुमार जायसवाल ने 64 मामलों में बीमा कंपनियों से पीड़ित याचियों को 1 करोड़ 32 लाख 30 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति दिलाई। जनपद न्यायाधीश विरेंद्र कुमार सिंह ने 41 मुकदमों का निस्तारण करते हुए पक्षकारों को 2 करोड़ 21 लाख 71 हजार 432 रुपये की धनराशि दिलाई। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मनोज कुमार सिंह गौतम ने 16 मुकदमों का निस्तारण किया और छह वैवाहिक मामलों का प्रीलिटिगेशन स्तर पर समाधान कराया। अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रवीण कुमार पाण्डेय ने 62 मुकदमों का निस्तारण करते हुए 10 वैवाहिक मामलों में समझौता कराया। लोक अदालत में विभिन्न बैंकों के बकाया ऋण से जुड़े 577 मामलों में समझौता कराया गया।

## यमुना में लापता वृद्ध का 48-घंटे बाद भी सुराग नहीं

उरई/जालौन (यूएनएस)। जालौन के कुठौंद थाना क्षेत्र में यमुना नदी में लापता हुए 75 वर्षीय बाबूलाल का 48 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं मिला है। ग्राम पारेन निवासी बाबूलाल पुत्र सुखू के बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बने यमुना पुल से नदी में कूदने की आशंका जताई जा रही है। पुल पर उनके कपड़े मिलने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी थी। सूचना मिलते ही कुठौंद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नदी में तलाश शुरू कराई। पुलिस के साथ एनडीआरएफ और अन्य बचाव टीमें भी लगातार अभियान चला रही हैं। नदी और आसपास के इलाकों में वृद्ध की तलाश की जा रही है, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है। यमुना का जलस्तर बढ़ने और नदी में तेज बहाव के कारण रेस्क्यू अभियान में लगातार दिक्कतें आ रही हैं। इसके बावजूद टीमें नदी के आसपास लगातार खोजबीन कर रही हैं। उधर, बाबूलाल के लापता होने के बाद परिवार में दुख का माहौल है और परिजन उनके सुरक्षित मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं। परिजनों को गुरुवार को बाबूलाल के यमुना पुल से कूदने की जानकारी मिली थी। पुल पर उनके कपड़े मिलने के बाद परिवार को अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद परिजनों ने तत्काल कुठौंद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नदी में तलाश शुरू कराई। पुलिस, एनडीआरएफ और अन्य बचाव टीमें यमुना नदी तथा आसपास के इलाकों में लगातार अभियान चला रही हैं। नदी का जलस्तर बढ़ने और तेज बहाव के कारण तलाशी अभियान में मुश्किलें आ रही हैं। इसके बावजूद टीमें वृद्ध की तलाश में जुटी हैं। कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक विजय पांडेय ने बताया कि वृद्ध की लगातार खोजबीन की जा रही है। नदी और आसपास के क्षेत्र में तलाश अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन अभी तक बाबूलाल का पता नहीं चल सका है।

बताया गया कि बाबूलाल अविवाहित थे। उनके भाई के दो बेटों की भी पहले मौत हो चुकी है। करीब दो साल पहले उनके भतीजे के बेटे की सांप के काटने से मौत हो गई थी। अब बाबूलाल के लापता होने से परिवार में दुख का माहौल है।

## तालाब किनारे मिला युवक का शव शरीर पर चोट के निशान मिले

बांदा (यूएनएस)। बांदा-फतेहपुर राजमार्ग पर ग्राम पंचायत छापर के पास रविवार सुबह 9 बजे एक युवक का शव तालाब किनारे मिला। शव की पहचान तिंदवारी कस्बे के शंकर नगर निवासी उमेश वर्मा उर्फबंदर (25) पुत्र चुन्नू वर्मा के रूप में हुई है। युवक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं और परिजनों ने बताया कि उसके गले में साफी बंधी थी। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की जांच की मांग की है। परिजनों के अनुसार, उमेश शनिवार सुबह ईंट उतारने के काम के लिए गया था और शाम करीब छह बजे घर लौट आया था। रात करीब नौ बजे वह घर से यह कहकर निकला था कि ईंट उतारने जा रहा है और बाद में खाना खाएगा। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने बताया कि उमेश पहले भी कई बार रात में काम के लिए जाता था और देर रात तक घर लौटता था। इसलिए उस समय किसी अनहोनी की आशंका नहीं हुई। रविवार सुबह करीब नौ बजे गांव के सदस्य विक्रम ने परिजनों को फोन कर बताया कि तालाब किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा है, जो उमेश जैसा दिखाई दे रहा है। सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो शव उमेश का निकला। बताया गया कि शव घर से करीब सात किलोमीटर दूर मिला है। परिजनों के मुताबिक, युवक के शरीर पर चोट के निशान थे और मौके की स्थिति देखकर ऐसा लग रहा था कि शव को घसीटा गया हो। गले में साफी बंधी होने की बात भी सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही तिंदवारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी संदीप सिंह पटेल फील्ड यूनिट के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौके से सबूत जुटाए।

# एक सप्ताह में चोरी का खुलासा नहीं हुआ तो हटेंगे चौकी प्रभारी

उरई। झांसी से आए जीआरपी के एसपी विपुल कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार दोपहर जीआरपी थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने आटा स्टेशन पर 30 अगस्त को मेमू से झांसी जाने के लिए पहुंची विवाहिता आकांक्षा के साथ हुई करीब 10 लाख रुपये की चोरी का अब तक खुलासा न होने पर नाराजगी जताई। एसपी ने कहा कि मामला कालपी चौकी क्षेत्र का है। एक सप्ताह में चोरी का खुलासा नहीं हुआ तो चौकी इंचार्ज कालपी को हटा दिया जाएगा।

उन्होंने गणेश उत्सव, दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली और छठ पूजा को देखते हुए ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा कड़ी रखने के निर्देश दिए। कहा कि त्योहारों के दौरान यात्रियों की संख्या और अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन बढ़ेगा, ऐसे में ट्रेन आने-जाने के समय पुलिस बल पूरी तरह सतर्क रहे। लापरवाही मिलने पर संबंधित ड्यूटी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

एसपी ने झांसी-कानपुर रेलखंड की ट्रेनों में किन्नरों द्वारा यात्रियों से जबरन वसूली और दुर्व्यवहार की शिकायतों पर जीआरपी-आरपीएफ को संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने



विशेष रूप से रात और पैसेंजर ट्रेनों में महिला यात्रियों की सुरक्षा पर जोर दिया। झांसी-कानपुर मेमू के समय महिला सुरक्षा कर्मियों को प्लेटफार्म पर मौजूद रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल चोरी और यात्रियों के बीच मारपीट जैसी छोटी घटनाओं की शिकायत कई बार यात्री यात्रा पूरी करने की मजबूरी में थाने में दर्ज नहीं करा पाते। एस्कॉर्ट कर्मचारियों को निर्देश दिए कि ट्रेन में मिलने वाली हर शिकायत को गंभीरता से लेकर तत्काल कार्रवाई करें।

# नारायण सेवा संस्थान द्वारा नि:शुल्क 3डी प्रिंटेड मॉड्यूलर कृत्रिम अंग माप शिविर का आयोजन




लखनऊ (यूएनएस)। दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं सम्मानपूर्ण जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट ने अति महत्वपूर्ण संपूर्ण सहयोग के भाव से मुख्य भूमिका का निर्वाहन किया जिससे नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर द्वारा दयाल गेटवे होटल, किसान बाजार, गोमती नगर में विशाल नि:शुल्क 卐3क् प्रिंटेड नारायण मॉड्यूलर कृत्रिम अंग माप शिविर卐 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में दुर्घटना, बीमारी अथवा अन्य कारणों से हाथ या पैर गंवा चुके 500 से अधिक जरूरतमंद दिव्यांग जनों का नि:शुल्क पंजीकरण किया गया तथा विशेषज्ञ तकनीकी दल द्वारा कृत्रिम अंग निर्माण हेतु आवश्यक माप लिए गए। लाभार्थियों की शारीरिक संरचना एवं आवश्यकता के अनुरूप जापानी एवं जर्मन तकनीक से अत्याधुनिक 3क् प्रिंटेड मॉड्यूलर कृत्रिम अंग तैयार किए जाएंगे। ये कृत्रिम अंग नवम्बर 2026 में आयोजित होने वाले विशेष वितरण शिविर में पात्र लाभार्थियों को पूर्णत: नि:शुल्क प्रदान किए जाएंगे।शिविर का उद्देश्य केवल कृत्रिम अंग उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास का संचार करते हुए उन्हें दैनिक जीवन में अधिक सक्षम, स्वावलंबी एवं सामाजिक रूप से सक्रिय बनाना है। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लाभार्थियों एवं उनके परिजनों ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए आयोजक संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर माननीय सदस्य, उत्तर प्रदेश विधान परिषद श्री मुकेश शर्मा जी, माननीय सदस्य, उत्तर प्रदेश विधान परिषद श्री पवन सिंह चौहान जी, माननीय उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश श्री नीरज सिंह जी तथा हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डॉ. हर्ष वर्धन अग्रवाल तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। नारायण सेवा संस्थान की ओर से देवेंद्र चौबीसिया, हरि प्रसाद लड्ढा, रमेश चन्द्र शर्मा, बद्री लाल शर्मा, जितेंद्र शर्मा, जया राठौर एवं कौशल पालीवाल सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता, विशेषज्ञ, स्वयंसेवक एवं सहयोगी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इस सेवा अभियान की प्रशंसा करते हुए दिव्यांगजनों के पुनर्वास, सशक्तिकरण और सामाजिक समावेशन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। सहयोगी संस्थाओंकृ हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट, मारवाड़ी युवा मंच, लखनऊ, इनर व्हील क्लब, एवं मुख्यमंत्री जन कल्याणकारी योजना प्रचार-प्रसार अभियान संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट ने इस जनकल्याणकारी अभियान में सहयोग प्रदान करते हुए भविष्य में भी दिव्यांगजनों, वंचितों एवं जरूरतमंद नागरिकों के स्वास्थ्य, पुनर्वास और सम्मानपूर्ण जीवन के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प व्यक्त किया।

# मलजल और बरसात में बदहाली को लेकर ए.के. शर्मा ने दी सफाई

वाराणसी (यूएनएस)। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने हाल ही में काशी के नगरीय प्रबंधन की स्थिति की समीक्षा के लिए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की। इस बैठक में मुख्य रूप से साफ-सफाई, जल निकासी और विद्युत व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा की गई। मंत्री ए.के. शर्मा ने बैठक में कहा कि अधिकांश स्थानों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं, लेकिन कुछ क्षेत्रों में जल निकासी को लेकर चिंता व्यक्त की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जलभराव वाले स्थानों की पहचान कर स्थायी इंजीनियरिंग समाधान खोजे जाएं और जहां आवश्यकता हो, वहां पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। बैठक के दौरान, मंत्री ने काशी में हाल ही में प्लास्टिक से भरी बोरियों को डालकर जल निकासी में बाधा डालने के प्रयास की निंदा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कृत्य से काशी और प्रदेश की बदनामी होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफएफआईआर दर्ज की गई है और पुलिस इस कृत्य के पीछे के लोगों की पहचान करने के लिए जांच कर रही है।मंत्री ने कहा कि राजनीति में इस तरह के कार्यों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यों में पारदर्शिता और जिम्मेदारी का पालन करें ताकि नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी राय रखी और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने मंत्री से अनुरोध किया कि जल निकासी और साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। ए.के. शर्मा ने कहा कि काशी की पहचान उसकी सांस्कृतिक धरोहर और स्वच्छता से है, और इसे बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से निरीक्षण करें और समस्याओं का समाधान समय पर करें। इस बैठक में यह भी चर्चा की गई कि विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। मंत्री ने कहा कि बिजली की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए और इसके लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस बैठक के माध्यम से यह स्पष्ट हो गया कि काशी के विकास के लिए सभी स्तरों पर समन्वय और सहयोग की आवश्यकता है।

# उमानाथ सिंह राजनीति में शुचिता के पर्याय थे: रविंद्र जायसवाल

जौनपुर (यूएनएस)। प्रदेश के स्टांप तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने रविवार को कहा कि पूर्व मंत्री अमर शहीद उमानाथ सिंह राजनीति में शुचिता के पर्याय थे। उनके व्यक्तित्व में सहजता, सरलता और मृदुभाषिता का अद्भुत समावेश था। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में सिद्धांतों और विचारधारा को प्राथमिकता दी तथा समाज के अंतिम व्यक्ति के हितों के लिए संघर्ष किया। उक्त बातें उन्होंने उमानाथ सिंह स्मृति सेवा संस्थान की ओर से पूर्व मंत्री अमर शहीद उमानाथ सिंह की 32वीं पुण्यतिथि पर तिलकधारी महाविद्यालय के बलरामपुर सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कहीं। उन्होंने कहा कि जिस दौर में पूरे देश में कांग्रेस का प्रभाव था, उसी समय उमानाथ सिंह ने राजनीति में कदम रखा। यदि वह सत्ता की राजनीति करना चाहते तो कांग्रेस का दामन थाम सकते थे, लेकिन उन्होंने सत्ता के बजाय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा को चुना। यह विचारधारा समाज के अंतिम व्यक्ति को रहने और खाने की सुविधा उपलब्ध कराने पर केंदित थी। रविंद्र जायसवाल ने कहा कि उमानाथ सिंह ने पूर्वांचल की राजनीति को नई दिशा देने का काम किया। उन्होंने सत्ता द्वारा प्रायोजित अत्याचारों का विरोध किया और इसी संघर्ष में अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका जीवन आज भी जनसेवा और संघर्ष की प्रेरणा देता है। विशिष्ट अतिथि विधायक रमेश मिश्रा ने विभिन्न संस्मरणों के माध्यम से स्व. उमानाथ सिंह के शील, संयम और अनुशासनप्रियता पर प्रकाश डाला। समारोह की अध्यक्षता कर रहे पूर्व एमएलसी केदारनाथ सिंह ने कहा कि उमानाथ सिंह व्यापारियों की समस्याओं को लेकर हमेशा संघर्षरत रहे और इसी संघर्ष में शहीद हो गए। खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि प्रदेश के जिस भी कोने में वह जाते हैं, लोग जौनपुर का होने के कारण स्व. उमानाथ सिंह के बारे में उनसे पूछते हैं। इससे उनके विराट व्यक्तित्व और लोकप्रियता का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज जौनपुर शहर में 20 हजार लोगों को सरकार की ओर से घर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह स्व. उमानाथ सिंह की आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि है।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रो. आरएन त्रिपाठी, वशिष्ठ नारायण सिंह, भाजपा नेता अरविंद सिंह, कवि सभाजीत द्विवेदी प्रखर, राज बहादुर सिंह, हरिओम त्रिपाठी, प्रो. आरपी ओझा सहित अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में अतिथियों को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मछलीशहर जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, जौनपुर सदर अध्यक्ष अजीत प्रजापति, प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। आगंतुकों का अभिवादन प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह, संचालन पूर्व प्राचार्य डॉ. समरबहादुर सिंह तथा आभार पूर्व सांसद केपी सिंह ने व्यक्त किया।

# गिट्टी लदा ट्रक पलटा, बाइक व घरेलू सामान क्षतिग्रस्त

जौनपुर (यूएनएस)। खेतासराय क्षेत्र के गुरैनी बाजार से मार्टिनगंज मार्ग पर रविवार को सड़क धंसने से गिट्टी लदा ट्रक अनियंत्रित होकर एक मकान के पास पलट गया। हादसे में मकान के बाहर खड़ी बाइक और घरेलू सामान गिट्टी के नीचे दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि हादसे के समय बच्चे घर के अंदर थे। मध्यप्रदेश निवासी ट्रक चालक रजनीश कुमार ने बताया कि वह मध्यप्रदेश से गिट्टी लादकर मानीकला में खाली करने जा रहे थे। मार्ग पर एक हिस्से में आरसीसी ढलाई हो चुकी है, जबकि दूसरे हिस्से से वाहनों का आवागमन हो रहा है। इसी दौरान सड़क का हिस्सा धंस गया और ट्रक बाई ओर पलट गया। मकान मालिक राजेश बिन्द ने बताया कि बाहर खड़ी उनके भाई की मोटरसाइकिल और कुछ घरेलू सामान ट्रक से गिरी गिट्टी के नीचे दबकर क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने बताया कि हादसे के समय बच्चे घर के अंदर थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया।



## गजानन की मूर्ति लेने पड़ोसी जनपदों से आ रहे भक्त

फर्रुखाबाद। गणेश चतुर्थी पर भक्तों में गजानन की स्थापना का खासा उत्साह है। शहर के बढ़पुर स्थित बाजार में मूर्ति लेने के लिए पड़ोसी जनपदों के भी भक्त आ रहे हैं। इससे बाजार में देर रात अपनी बारी के इंतजार में भक्तों की भीड़ लगी रही। पिछले कुछ वर्षों से गणेश मूर्ति स्थापना का क्रेज बढ़ा है। इससे दुकानदार गणेश चतुर्थी पर मूर्ति तैयार करने के लिए एक माह पहले से ही तैयारी शुरू कर देते हैं। गणेश चतुर्थी से दो दिन पहले से गजानन की मूर्तियों की मांग बढ़ जाती है। इससे मूर्ति कारोबारी पहले से ही अपना स्टॉक मजबूत कर लेते हैं। सोमवार को गणेश चतुर्थी पर मूर्ति स्थापना के लिए भक्तों में बड़ा उत्साह दिखा। बढ़पुर स्थित मिशन कंपाउंड के पास मूर्ति बाजार में रविवार को सुबह से ही मूर्ति ले जाने की भक्तों में होड़ लगी रही। यहां 100 रुपये से लेकर 16 हजार रुपये तक मूर्ति उपलब्ध है। खास बात तो यह है कि स्थानीय भक्तों के अलावा कन्नौज से भी मूर्ति लेने के भक्त बाजार में घंटों इंतजार कर बारी का इंतजार करते रहे। देर रात तक गणेश प्रतिमा की बिक्री चलती रही।

# फर्रुखाबाद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में उमड़ी मरीजों की भीड़

फर्रुखाबाद , दस्तक चाणक्य , धर्मबीर सिंह: शमशाबाद में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। रविवार को ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य मेले लगे। इनमें विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। बाढ़ राहत शिविर में भी विशेष स्वास्थ्य कैंप लगाकर बाढ़ पीड़ितों की जांच की गई और दवाइयां बांटी गईं। मंडी समिति स्थित बाढ़ राहत शिविर के स्वास्थ्य कैंप में दाद-खाज, खुजली, बुखार और चर्म रोग के मरीज ज्यादा थे। फार्मासिस्ट विजय कुमार ने 190 मरीजों की जांच की और उन्हें जरूरी दवाइयां दीं। बाढ़ के पानी में रहने की वजह से ज्यादातर लोगों को त्वचा से जुड़ी बीमारियां हो रही थीं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फैजबाग में डॉ. अमित कुमार की देखरेख में मेला लगा। यहां कुल 59 मरीजों ने इलाज कराया। एलटी अलका ने 23 मरीजों की शुगर जांच की। फार्मासिस्ट वीरेंद्र राजपूत ने बताया कि ज्यादातर मरीज खांसी, जुकाम, बुखार, दाद-खाज-खुजली, चक्कर और कमजोरी की शिकायत लेकर आए थे। सभी को जांच के बाद दवाइयां दी गईं। एएनएम रूपम चतुर्वेदी ने महिलाओं को स्वास्थ्य और परिवार नियोजन की जानकारी दी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पसियापुर में फार्मासिस्ट शैलेंद्र कुमार की मौजूदगी में मेला लगा। यहां 58 मरीज आए। एलटी नेहा ने 16 बीपी, 7 मलेरिया, 7 टाइफाइड और डेंगू की जांच की। एएनएम मनोरमा ने महिलाओं को 'हम दो हमारे दो' योजना के तहत परिवार नियोजन की जानकारी दी। फार्मासिस्ट शैलेंद्र कुमार ने बताया कि बदलते मौसम में खांसी-जुकाम, बुखार और चर्म रोग के मरीज बढ़ गए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि बीमारी को हल्के में न लें। गंभीर होने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

## हादसे में पति की मौत पर पत्नी को मिलेंगे 15 लाख रुपये

फर्रुखाबाद , दस्तक चाणक्य , धर्मबीर सिंह:सड़क हादसे में पति की मौत के बाद व्यक्तिगत दुर्घटना ( पीए ) बीमा क्लेम के लिए दाखिल परिवाद का शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हो गया। न्यू इंडिया जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने युवक की पत्नी को 15 लाख रुपये देने पर सहमति जताई। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने बीमा कंपनी को आदेश की तिथि से 45 दिन के भीतर धनराशि का भुगतान करने का आदेश दिया है। थाना कादरीगेट क्षेत्र के अंबेडकर नगर, गंगानगर निवासी सुधा देवी उर्फसुधा वर्मा ने परिवाद दाखिल किया था। बताया था कि उनके पति गौरव वर्मा की मोटरसाइकिल का बीमा न्यू इंडिया जनरल इंश्योरेंस कंपनी से सात जून 2024 से छह जून 2025 तक था। पॉलिसी में 15 लाख रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना कवर शामिल था और वह बीमा में नामिनी थीं। 21 सितंबर 2024 को पति गौरव वर्मा मोटरसाइकिल से स्कूल से घर लौट रहे थे। फर्रुखाबाद-जहानगंज मार्ग पर डंपर की टक्कर से उनकी मौत हो गई। लेकिन कंपनी ने क्लेम का भुगतान नहीं किया। कंपनी से भुगतान न मिलने पर 29 नवंबर 2024 को विधिक नोटिस भेजा गया। इसके बाद मई 2025 में उपभोक्ता आयोग में परिवाद दाखिल किया गया। शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्ष उपस्थित हुए और सुलहनामा पेश किया। आयोग ने 15 लाख रुपये के भुगतान पर परिवादिनी की सहमति दर्ज की और मामला निस्तारित कर दिया।

# फर्रुखाबाद में अवैद्यनाथ जी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

फर्रुखाबाद , दस्तक चाणक्य , धर्मबीर सिंह: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु एवं प्रेरणास्त्रोत ब्रह्मलीन महंत पूज्य श्री अवैद्यनाथ जी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ, फर्रुखाबाद के तत्वावधान में विजयलक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक हॉल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत संत ईश्वर दास जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संत ईश्वर दास जी महाराज एवं अरविंद शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ जी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि संत ईश्वर दास जी महाराज ने महंत अवैद्यनाथ जी महाराज के जीवन, त्याग, तपस्या और हिंदुत्व के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके विचार और आदर्श समाज को सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने उनके बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में एकता एवं जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों को परिचय पत्र एवं आरडी कार्ड प्रदान किए गए। इसके साथ ही पदाधिकारियों को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पत्रकार साथियों का भी मंच से सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरविंद शुक्ला ने कहा कि महंत अवैद्यनाथ जी महाराज के आदर्शों और विचारों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने संगठन की एकता को प्राथमिकता देने और समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। इस अवसर पर अनुराग दुबे, गौरव शुक्ला, आर्यन बाजपेई, मनीष श्रीवास्तव, सुमित जोशी, धर्मवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, कमलकांत, अमित गुप्ता, बृजमोहन सिंह, अमित वर्मा, संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में पत्रकार, संगठन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान महंत अवैद्यनाथ जी महाराज के विचारों और उनके सामाजिक एवं धार्मिक योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# फर्रुखाबाद में कानूनी लड़ाई छोड़ साथ रहने पर राजी हुए 10 जोड़े

फर्रुखाबाद , दस्तक चाणक्य , धर्मबीर सिंह: पारिवारिक विवादों में लंबे समय तक चलने वाली कानूनी लड़ाई के बजाय शनिवार को लोक अदालत ने कई रिश्तों को फिर से जोड़ा। आपसी मतभेद भुलाकर 10 दंपती साथ रहने के लिए राजी हुए। ये जोड़े हंसी-खुशी अपने घर लौटे। दंपतियों ने एक-दूसरे को माला पहनाई, मुंह मीठा कराया और सेल्फी प्वाइंट पर साथ फोटो खिंचवाकर नई शुरुआत का संदेश दिया। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र की रहने वाली महिला व जनपद मैनपुरी में रहने वाले उसके पति के बीच विवाद चल रहा था। महिला ने वर्ष 2023 में पति के खिलाफभरण-पोषण का मुकदमा दायर किया था। उसने आरोप लगाया था कि शादी के बाद दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया गया और अगस्त 2023 में वह मायके आ गई। उसने अपने और करीब नौ माह के बेटे के भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह 25 हजार रुपये की मांग की थी। लोक अदालत में दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद साथ रहने पर सहमति बन गई। इसी तरह थाना शमसाबाद क्षेत्र के रहने वाले दंपती के बीच भी लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। महिला ने पति के खिलाफभरण-पोषण का वाद दायर किया था। उसके दो बच्चे भी हैं। प्रकरण में दोनों पक्षों के बीच सुलह कराकर परिवार को फिर से साथ लाने की पहल की गई। दंपती ने साथ रहने का निर्णय लिया। जनपद न्यायाधीश, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, नोडल अधिकारी संजय कुमार, अपर प्रधान न्यायाधीश अंजू कंबोज, प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव बिंदिया भटनागर, बार एसोसिएशन अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार और परामर्शदाता मनोज कुमार कश्यप, सुरेंद्र राणा ने सभी दंपतियों को साथ जीवन शुरू करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार द्वारा लक्ष्मी ऑफसेट, 539क/100क/240 देवपुरी भवन, संजय गांधी पुरम फैजाबाद रोड, लखनऊ-206018 से मुद्रित एवं 660 जेड एच/पी 024/1, ग्राम-जाहिरपुर, वार्ड-शंकरपुरवा, थाना-गुडम्बा, लखनऊ-226021 ( उ.प्र. ) से प्रकाशित। RNI NO: UPHIN/2021/83520, ईमेल: thedastak24@gmail.com दुरभाष संख्या : 0522-7145695 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।